# अभ्युदय में संगीत, रंग और नृत्य से सजा पहला दिन

## सम्राट विक्रमादित्य विश्वविद्यालय में गूंजा युवाओं की वाणी, रचनात्मकता के साथ शुरू हुआ राज्य स्तरीय युवा उत्सव

**प्रश्नमंच से नृत्य मंच तक बांधा समां,**

**मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने वर्चुअल किया शुभारंभ**





**उज्जैन। सम्राट विक्रमादित्य विश्वविद्यालय में आयोजित तीन दिवसीय राज्य स्तरीय युवा उत्सव 'अभ्युदय' का शुभारंभ गुरुवार को सांस्कृतिक और बौद्धिक गतिविधियों के साथ हुआ। प्रदेश के विभिन्न विश्वविद्यालयों से आए विद्यार्थियों ने संगीत, नृत्य, चित्रकला और ज्ञान आधारित प्रतियोगिताओं में अपनी रचनात्मकता और प्रतिभा का प्रभावशाली प्रदर्शन किया। पूरे परिसर में कला, संस्कृति और युवा ऊर्जा का अद्भुत संगम देखने को मिला।**

कुलगुरु प्रो. अर्पण भारद्वाज, कुलसचिव डॉ. अनिल शर्मा एवं विद्यार्थी कल्याण संकायाध्यक्ष प्रो. एसके मिश्रा के मार्गदर्शन में आयोजित इस उत्सव के पहले दिन विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की। शास्त्रीय संगीत की मधुर स्वर लहरियों से लेकर भारतीय ज्ञान परंपरा पर आधारित चित्रकला तक, हर आयोजन ने दर्शकों को आकर्षित किया।

स्वामी विवेकानंद अभियांत्रिकी संस्थान में आयोजित एकल शास्त्रीय गायन प्रतियोगिता में प्रतिभागियों ने राग भैरवी, बैरागी भैरव, बागेश्वरी, मुल्तानी और यमन की सशक्त प्रस्तुतियां दीं। प्रत्येक प्रतिभागी को 15 मिनट का समय दिया गया। कलाकारों ने उत्कृष्ट व्यवस्थाओं की सराहना करते हुए कहा कि विश्वविद्यालय द्वारा एकाग्र वातावरण उपलब्ध कराया गया है। संगीत प्रेमियों की खासी उपस्थिति रही।

महाराजा विक्रमादित्य शोध पीठ में आयोजित स्पॉट पेंटिंग प्रतियोगिता में 12 विद्यार्थियों ने भाग लिया। प्रतियोगिता का विषय 'भारतीय ज्ञान परंपरा' रहा। बरकतउल्ला विश्व विद्यालय, जीवाजी विश्व विद्यालय, राजा मानसिंह विश्व विद्यालय, देवी अहिल्या विश्व विद्यालय सहित विभिन्न संस्थानों के छात्रों ने ढाई घंटे में अपनी कलात्मक कल्पनाओं को कैनवास पर उतारा। निर्णायकों ने विषय की गहराई, रंग संयोजन और प्रस्तुति के आधार पर मूल्यांकन किया।


मुक्ताकाशी मंच पर एकल शास्त्रीय नृत्य प्रतियोगिता में भाव, लय और मुद्राओं की मनोहारी प्रस्तुतियां हुईं। वहीं स्वर्ण जयंती सभागृह में लोक एवं आदिवासी समूह नृत्य प्रतियोगिता ने विशेष आकर्षण पैदा किया। विधि अध्ययनशाला में आयोजित प्रश्नमंच प्रतियोगिता में विद्यार्थियों ने अपने ज्ञान और तर्क क्षमता का परिचय दिया।

### लोक नृत्यों में झलकी मध्यप्रदेश की विविधता


मुक्ताकाशी मंच पर समूह लोक नृत्य प्रतियोगिता में बुंदेलखंडी राई, बुंदेली बधाई, बरेदी, दिवली, गोंड जनजातीय नृत्य, लभरिया, गिद्दा-भांगड़ा और होली नृत्य जैसी प्रस्तुतियों के माध्यम से प्रदेश की लोक संस्कृतियां जीवंत हो उठीं। प्रत्येक दल को 8 से 10 मिनट का समय दिया गया। स्वर्ण जयंती सभागार में आयोजित एकल शास्त्रीय नृत्य प्रतियोगिता में कथक, भरतनाट्यम सहित विभिन्न शैलियों की प्रस्तुतियां हुईं। कथक विशारद सिद्धि साटले, द्रौपदी चीरहरण पर आधारित श्वेता कुशवाह की प्रस्तुति और भरतनाट्यम में माता सीता के चरित्र का भावपूर्ण चित्रण विशेष रूप से सराहा गया। दृष्टिबाधित कलाकार कर्णेश यादव की प्रस्तुति ने दर्शकों को भावविभोर कर दिया। पहले दिन की प्रतियोगिताओं ने यह स्पष्ट किया कि 'अभ्युदय' न केवल युवाओं की प्रतिभा को मंच दे रहा है, बल्कि सांस्कृतिक चेतना और सर्वांगीण विकास का सशक्त माध्यम भी बन रहा है।

# श्री महाकाल की नगरी में विदेशी पक्षियों का डेरा

## एशियन वॉटरबर्ड सेंसस 2026-उज्जैन के तालाबों में 67 पक्षी प्रजातियां दर्ज









**उज्जैन।** एशियन वॉटरबर्ड सेंसस 2026 के अंतर्गत उज्जैन के तालाबों में 67 पक्षी प्रजातियां दर्ज की गई। इस प्रकार श्री महाकाल की नगरी अवंतिका में विदेशी पक्षियों का डेरा हो गया है। जिला वनमण्डलाधिकारी अनुराग तिवारी ने जानकारी दी कि यह उज्जैन के जैव विविधता के इतिहास का एक स्वर्णिम पल है। जानकारी अनुसार एशियन वॉटरबर्ड सेंसस 2026 के अंतर्गत उज्जैन के तालाबों में 3-4 जनवरी को उज्जैन जिले के विभिन्न तालाबों और जलाशयों में पक्षी सर्वेक्षण किया गया। इस सर्वे में कुल 67 पक्षी प्रजातियां दर्ज की गईं। यह सर्वे 17 बर्डवॉचर्स (पक्षी प्रेमियों) की टीम द्वारा किया गया, जिन्होंने अलग-अलग स्थानों पर उंडासा तालाब, सिलारखेड़ी तालाब, उज्जैन रोड क्षेत्र, गोगापुर क्षेत्र, पुरुषोत्तम सागर तालाब में गणना की गई। सर्वे के दौरान देखे गए प्रमुख पक्षियों में ब्लैक-विंग्ड स्टिल्ट, लेसर व्हिस्लिंग डक, लिटिल स्विफ्ट, इंडियन स्पॉट-बिल्ड डक, सारस क्रेन, पाइड बुशचैट, सिट्रीन वैगटेल, व्हाइट वैगटेल, लिटिल रिंग्ड प्लोवर, नॉर्दर्न शोवेलर, कॉमन सैंडपाइपर, वुड सैंडपाइपर, रूफस-टेल्ड लार्क, प्लेन प्रिनिया, प्साइबेरियन स्टोनचैट, ग्रे वैगटेल, यूरेशियन कूट, मोहन ग्रेन्स (मूरहेन) शामिल रहे। विशेषज्ञों के अनुसार, सर्वे के दिनों में कोहरे की स्थिति के बावजूद उज्जैन जिले में दर्ज की गई यह संख्या क्षेत्र की समृद्ध पक्षी जैव विविधता को दर्शाती है और संरक्षण प्रयासों के लिए उत्साहजनक संकेत है।

# आज निकलेगी संतों की वाहन रैली

**उज्जैन।** अनन्त विभूषित आचार्य सम्राट जगद्गुरू स्वामी रामानन्दाचार्य महाराज का 726वां जयन्ती महोत्सव 10 जनवरी शनिवार को समस्त वैष्णव सम्प्रदाय के संत महन्त महामण्डलेश्वर एवं वैष्णव बैरागी समाजजन द्वारा हर्षोल्लास के साथ रामानंदाचार्य चौक (खाकचौक) पर मनाया जाएगा। महामहोत्सव की पूर्व संध्या पर आज 9 जनवरी को शाम 4 बजे कोयला फाटक स्थित खेड़ापति हनुमान मंदिर से समस्त संतों एवं वैष्णव बैरागी समाज के समस्त सदस्यों की वाहन रैली निकलेगी। वाहन रैली पाटीदार ब्रिज, टॉवर, मालीपुरा, नईसड़क, कंठाल, बुधवारिया होते हुए खाकचौक पहुंचेगी। वहीं 10 जनवरी को प्रातः 8 बजे शोभायात्रा गोपाल मंदिर से प्रारंभ होगी जो कंठाल, तेलीवाड़ा, बुधवारिया, अंकपात होते हुए रामानंदाचार्य चौक (खाकचौक) जावेगी। यहां प्रातः 11 बजे स्वामी के विग्रह का पूजन एवं दिव्य महाभिषेक दोप. 12 बजे सन्तों का आर्शीवचन तथा दोपहर 2 बजे प्रसादी भंडारा का आयोजन होगा। 10 जनवरी को होने वाले महामहोत्सव में मुख्य अतिथि मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव होंगे। अध्यक्षता महन्त डॉ. रामेश्वरदास महाराज अध्यक्ष, रामादल अखाड़ा परिषद करेंगे। श्री रामादल अखाड़ा परिषद एवं समस्त वैष्णव बैरागी समाज उज्जैन ने रामानन्दाचार्य चरणानुरागी भक्तजनों से महामहोत्सव में शामिल होने का अनुरोध किया है।

# पड़ोसी ने चुराये थे दवा कारोबारी के मकान से लाखों के आभूषण





**उज्जैन। दवा कारोबारी के मकान में संदेहास्पद तरीके से हुई लाखों की चोरी के मामले में पड़ोसी आरोपी होना सामने आया है। पुलिस ने उसे हिरासत में ले लिया है। जिससे पूछताछ के लिए 2 दिन की रिमांड पर लिया गया है।**

नीलगंगा थाना क्षेत्र के ओम सांई अपार्टमेंट में रहने वाले मयूर पिता सुनील कुमार कृष्णानी दवा कारोबारी है। दवा बाजार में वह व्यवसाय करते है। 11 दिंसबर को उनकी पत्नी मायके रायपुर चली गई थी। इस दौरान मयूर कृष्णानी मकान का ताला लगाकर दवा बाजार चले जाते थे। 31 दिसंबर को पत्नी मायके से लौटी और रूपयों की आवश्कता होने पर चाबी मांगकर लॉकर खोला। उसमें रखे सोने-चांदी और डायमंड आभूषण लगभग लगभग 500 ग्राम, चांदी के सिक्के 500 ग्राम और 12 से 15 लाख केश गायब थे। बिना ताला टूटे हुए लाखों की चोरी से परिवार सकते में आ गया। उन्होंने पहले घर में तलाश की लेकिन नहीं मिले। घर के सामने रहने वाले लविश टहलवानी के यहां लगे कैमरों के फुटेज देखने के लिये मांगे तो उसने रिकार्डिंग डिलिट होने की बात कही। उससे डीवीआर मांग गया और रिकार्डिंग रिकवर कराने की बात कहीं। वह आनाकानी करने लगा। जिसके चलते उस पर ही संदेह होने लगा। डीवीआर लेकर रिकार्डिंग कराने के लिये परिचित से संपर्क किया गया। इसी बीच लविश ने उक्त दुकानदार को कॉल कर जानकारी देने से मना कर दिया। इस बात का पता चलते ही मयूर को चोरी का पक्का संदेह पडोसी पर हो गया। मामले की शिकायत बुधवार को नीलगंगा थाने पहुंचकर की गई। पुलिस ने लविश को हिरासत में लिया तो उसने चोरी करना कबूल कर लिया। पुलिस के अनुसार लाखों की चोरी का खुलासा होने पर आरोपित से पूछताछ कर माल बरामद करने का प्रयास किया जा रहा है।

### चोरी के रुपयों से कर्ज चुकाया, लिया मोबाइल

बताया जा रहा है लविश का मयूरी के घर आना जाना था। उसे घर की जानकारी थी। उसने मकान की दो चाबी में से एक चाबी चोरी कर ली थी। 11 दिसंबर को मयूर की पत्नी के मायके जाते ही लविश ने चोरी की योजना बनाई। मसूरी भी सुबह से देर शाम तक दवा बाजार में प्रेम मेडिकल फार्मा पर रहते थे। इसी का फायदा उठाकर उसने चाबी से ताला खोलकर चोरी की वारदात को अंजाम दिया। नगद राशि चोरी करने पर उसने अपना कर्ज उतारा, कुछ आभूषण बेच दिये और मोबाइल के साथ बाइक खरीद ली। पुलिस चोरी से खरीदे सभी सामान की बरामदगी का प्रयास कर रही है।

### 14 साल के बालक को मारे चाकू

उज्जैन। गुरुवार सुबह बाइक से आए युवक ने पैदल जा रहे नाबालिग को रोका और चाकू मार दिए। जानसापुरा में रहने वाला उस्मान पिता मोहम्मद हुसैन 14 साल होटल पर काम करता है। सुबह वह पैदल घर से केडी गेट स्थित होटल जाने के लिए निकला था। रास्ते में बाइक सवार यासीन आया और उसने उस्मान को रोक लिया। यासीन ने गाली गलौज शुरू की और जेब से चाकू निकाल कर ताबड़तोड़ तीन वार कर दिए। उस्मान घायल हो गया और गिर पड़ा। लोगों ने उसे देखा और शोर मचाया तो चाकू मारने वाला भाग निकला। घायल उस्मान को चरक अस्पताल लाया गया जहां डॉक्टरों ने उपचार के लिए भर्ती किया है।

# पाइपलाइन का भूमिपूजन

**उज्जैन।** वार्ड क्रमांक 44 अंतर्गत नवीन पाइपलाइन डाले जाने के कार्य का भूमि पूजन गुरुवार को निगम अध्यक्ष कलावती यादव द्वारा नगर भाजपा अध्यक्ष संजय अग्रवाल, नगर महामंत्री आनंद खींची, मंडल अध्यक्ष मुकेश पोरवाल, पार्षद नीलम राजा कालरा, वरिष्ठ भाजपा नेता रूप पमनानी, ओम जैन की उपस्थिति में किया गया। उल्लेखनीय है कि नगर निगम द्वारा वार्ड क्रमांक 44 अंतर्गत बाफना पार्क, राजकुमार होटल के सामने एवं मस्जिद वाली गली में नगर निगम द्वारा राशि रुपए लगभग 8 लाख की लागत से पुरानी पेयजल की पाइपलाइन को परिवर्तित करते हुए 110 एमएम की नवीन पाइपलाइन डाले जाने का कार्य किया जाएगा। इस अवसर पर पार्षद प्रतिनिधि राजा कालरा, अक्षय जैन, सुषमा बोरा, माधुरी शर्मा, एवं क्षेत्र के नागरिक उपस्थित रहे।

# सीमेंट कांक्रीट रोड निर्माण कार्य का भूमि पूजन

**उज्जैन। वार्ड क्रमांक 54 की पार्षद एवं एमआईसी सदस्य सुगन बाबूलाल बाघेला के प्रयासों से क्षेत्र में नगर निगम द्वारा राशि रुपए लगभग 16 लाख 50 हजार रुपए की लागत से सीमेंट कांक्रीट सड़क निर्माण कार्य करवाया जाना है। जिसका भूमि पूजन बुधवार को निगम अध्यक्ष कलावती यादव द्वारा मंडल अध्यक्ष परेश कुलकर्णी, जिला कोषाध्यक्ष प्रकाश यादव, नगर मंत्री विजय चौधरी एवं पार्षद सुगन बाघेला की उपस्थिति में संपन्न हुआ।**

उल्लेखनीय है कि वार्ड क्रमांक 54 अंतर्गत अभिलाषा कॉलोनी सेक्टर बी एवं सी की विभिन्न गलियों में क्षेत्रीय रहवासियों की सुविधा एवं आवागमन को दृष्टिगत रखते हुए 16 लाख 50 हजार की लागत से सीमेंट कांक्रीट का कार्य करवाया जाएगा। जिससे आवागमन सुगम होगा एवं क्षेत्र के नागरिकों की रोड निर्माण की मांग पूर्ण होगी। इस दौरान मनोहर सिंह तंवर, शोभा यादव, नसीम बानो पठान, कविता चांदगीवाला, सुशीला यादव, पप्पू पठान, बलदेव सिंह राठौर, शैलेंद्र सिंह सोनगरा, नारायण सिंह सोलंकी, सुनील सिंह गहलोत, गोविंद शर्मा, विजय विजयवर्गीय एवं बड़ी संख्या में क्षेत्र के सम्माननीय नागरिक उपस्थित रहे।

# जयसिंह पुरा मार्ग विस्तारीकरण कार्य का निगम अध्यक्ष ने किया निरीक्षण



**उज्जैन।** सिंहस्थ 2028 को दृष्टिगत रखते हुए नगर पालिक निगम उज्जैन द्वारा रविशंकर नगर से होते हुए जयसिंहपुरा, लालपुल तक सड़क विस्तारीकरण का कार्य किया जा रहा है। जिसका निरीक्षण बुधवार को निगम अध्यक्ष कलावती यादव द्वारा अपर आयुक्त पवन कुमार सिंह एवं अधीक्षण यंत्री संतोष गुप्ता, पार्षद प्रतिनिधि विजय चौधरी के साथ किया गया। निरीक्षण के दौरान निगम अध्यक्ष कलावती यादव द्वारा क्षेत्र के रहवासियों से चर्चा की जाकर अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि चौड़ीकरण कार्रवाई के दौरान रहवासियों को पेयजल, साफ सफाई एवं पथप्रकाश व्यवस्था जैसी समस्याओं का सामना ना करना पड़े ऐसी व्यवस्था निर्धारित की जाए। जयसिंह पुरा चौराहे का सौन्दर्यीकरण किया जाए, कार्य को उच्चगुणवत्त पूर्वक निर्धारित समय सीमा में पूर्ण किया जाए।

# आईसीएआई की हुई करियर काउंसलर मीट-मेजबानी उज्जैन शाखा ने की



**उज्जैन।** दि इंस्टीट्यूट ऑफ चार्टर्ड अकाउंटेंट्स ऑफ इंडिया की करियर काउंसलिंग कमेटी द्वारा करियर काउंसलर मीट का आयोजन किया गया, जिसकी मेजबानी उज्जैन शाखा द्वारा की गई। उज्जैन शाखा के अध्यक्ष सीए आकृत जैन ने बताया कि करियर काउंसलिंग कमेटी का मुख्य उद्देश्य भारत में वाणिज्य शिक्षा को प्रोत्साहित करना है, जिसमें विशेष रूप से चार्टर्ड अकाउंटेंसी (सीए) पाठ्यक्रम पर ध्यान केंद्रित किया जाता है। इसके अंतर्गत माध्यमिक, उच्चतर माध्यमिक, स्नातक एवं स्नातकोत्तर विद्यार्थियों के साथ-साथ अन्य सभी संबंधित हितधारकों को मार्गदर्शन प्रदान किया जाता है। इस अवसर पर आयोजित सेमिनार में करियर काउंसलिंग कमेटी के चेयरमैन सीए दुर्गेश काबरा एवं पंकज शाह विशेष रूप से उपस्थित रहे। कार्यक्रम में गौरव जगेटिया एवं सीए श्रेयस धारकर ने उपस्थित सभी करियर काउंसलरों का मार्गदर्शन किया तथा करियर काउंसलिंग के विभिन्न पहलुओं पर महत्वपूर्ण जानकारी साझा की। कार्यक्रम का संचालन सीए जया पाडियार ने किया, जबकि आभार प्रदर्शन सीए मनीष राठी एवं सीए आतुश जैन ने किया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में करियर काउंसलरों की उपस्थिति रही।

# अवैध शराब के साथ पकड़ा बदमाश निकला वाहन चोर

**उज्जैन।** बदनावर की ओर से बड़नगर की ओर अवैध शराब लेकर आ रहे बदमाश की खबर मिलने पर पुलिस ने घेराबंदी कर उसे पकड़ा। उसके पास से जहरीली शराब से भरी केन बरामद की गई। पूछताछ में उसने बाइक चोरी करना भी कबूल कर लिया।

बड़नगर थाना प्रभारी अशोक कुमार पाटीदार ने बताया कि कस्बा भ्रमण के दौरान खबर मिली थी कि भैरू मंदिर के पास बदनावर रोड से एक व्यक्ति थैली में कच्ची हाथ भट्टी से बनी शराब की केन छुपाकर बड़नगर की ओर आ रहा है। तत्काल एसआई हेमंत कटारे, एएसआई गोवर्धनदास बैरागी, प्रधान आरक्षक हेमराज खरे, नारायण सरा, राकेश रायकवार की टीम को घेराबंदी के लिये रवाना किया गया। टीम ने बदनावर मार्ग पर घेराबंदी कर थैली में प्लास्टिक की केन छुपाकर ला रहे व्यक्ति का पकड़ा और तलाशी ली। उसके पास से केन में भरी 10 लीटर जहरीली शराब बरामद हो गई। थाने लाकर पूछताछ करने पर आरोपी का नाम सुभाष पिता सिमुन राणा निवासी बड़ी धामनी थाना थांदला जिला झाबुआ होना सामने आया। उसके खिलाफ आबकारी अधिनियम की धारा 34, 49-ए का प्रकरण दर्ज किया गया। अन्य मामलों में पूछताछ करने पर उसने बाइक चोरी की वारदात भी कबूल कर ली। वाहन चोरी का खुलासा होने पर चोरी की बाइक बरामद करने का प्रयास किया गया। जो उसने बदनावर मार्ग पर झाडियों में छुपाकर रखना कबूल किया। पुलिस टीम मौके पर पहुंची और उसकी निशानदेही पर बाइक बरामद की। जो एक दिन पहले ही सजन पार्क बड़नगर से चोरी की गई थी। थाना प्रभारी के अनुसार बाइक चोरी की शिकायत सुनील पिता मांगीलाल चंदेल ने दर्ज कराते हुए बताया था कि बाइक क्रमांक एमपी 13 ईएस 1746 उसके घर के समाने से चोरी हुई है। जिसे अवैध शराब के साथ हिरासत में आये बदमाश से बरामद कर लिया गया है

# सिद्धों की आराधना स्वरूप 32 अर्ध चढ़े



**उज्जैन।** सकल दिगम्बर जैन समाज के तत्वावधान में आयोजित हो रहे श्री सिद्धचक्र मंडल विधान का भव्य भक्तिभाव से प्रारंभ हुआ।

उक्त जानकारी देते हुए आयोजन समिति ने बताया कि श्री शांतिनाथ दिगंबर जैन मंदिर विनोद मिल में चल रहे आठ दिवसीय विधान में आचार्य विद्यासागर महाराज के आज्ञानुवृति आचार्य समय सागर महाराज के परम् शिष्य पूज्य मुनि निर्णय सागर महाराज, श्रमण सागर महाराज एवं ओंकार सागर महाराज का पावन सानिध्य प्राप्त हो रहा है। अनुष्ठान के तीसरे दिन विशाल सिद्धपद आराधना मंडप में सिद्धों की भक्ति स्वरूप 32 अर्ध चढ़े। इसी पावन कड़ी में सभी इंद्र इंद्राणी के साथ शांतिधारा का सौभाग्य नरेंद्र कुमार प्रसन्न कुमार बिलाला एवं हीरालाल बिलाला को प्राप्त हुआ। इस अवसर पर प्रवचन में पूज्य मुनि निर्णय सागर महाराज ने कहा कि सिद्ध बनाना है तो सिद्धों की आराधना करनी होगी और जब हम सिद्धों की आराधना करेंगे तो निश्चि सिद्धालय में विराजमान होंगे। आज के विशेष दिवस में विधायक महेश परमार एवं नगर निगम नेता प्रतिपक्ष रवि राय ने भी दर्शन कर अर्घ्य समर्पित किया। उल्लेखनीय है कि ब्रह्मचारी तरुण भैया के निर्देशन में होने वाले उक्त विधान महोत्सव में रात्रिकालीन महा आरती का लाभ तरुण जैन को प्राप्त हुआ तथा वात्सल्य भोज परोसने का लाभ दिगम्बर जैन सोशल ग्रुप आदिनाथ को प्राप्त हुआ।

**महाकाल प्रसादी... नए साल के बाद अब महाशिवरात्रि पर्व पर उमड़ेगी इतनी अधिक भीड़**

# महाकाल मंदिर में 12 दिनों में 30 लाख श्रद्धालु पहुंचे , 500 क्विंटल लड्डू बिके

नवभारत न्यूज




**उज्जैन।** महाकाल मंदिर में साल के अंत से लेकर नए साल के पहले सप्ताह में करीब 30 लाख श्रद्धालु उमड़े। इस दौरान मंदिर समिति के काउंटरों से 500 क्विंटल लड्डू प्रसाद भी विक्रय किया गया। मंदिर में अब तक की यह सर्वाधिक भीड़ रही। अब इतनी भीड़ महाशिवरात्रि पर्व पर उमड़ने की संभावना है।

मंदिर प्रबंध समिति के अधिकारियों ने बताया कि साल 2025 के अंतिम दिनों में 25 दिसंबर से लेकर नए साल 2026 के शुरुआती दिन 5 जनवरी तक प्रोटोकॉल से दर्शन व्यवस्था बंद रखने के आदेश जारी किए थे। 12 दिनों की अवधि में 30 लाख भक्तों ने महाकाल के दर्शन किए। मंदिर में श्रद्धालुओं की संख्या 25 दिसंबर क्रिसमस से बढ़नी शुरू हुई थी। इस दौरान 2 लाख 57 हजार से अधिक भक्त पहुंचे। इसके बाद 26 से 31 दिसंबर तक डेढ़ से 2 लाख श्रद्धालुओं ने दर्शन किए। 31 दिसंबर को 1 लाख 53 हजार से अधिक श्रद्धालुओं ने दर्शन लाभ लिया।



### साल के पहले दिन 1 जनवरी को सबसे ज्यादा 6 लाख पहुंचे



साल के पहले दिन 1 जनवरी को सबसे ज्यादा श्रद्धालु पहुंचे। इस दिन 6 लाख 12 हजार 879 श्रद्धालुओं ने दर्शन किए थे। 2 जनवरी को 2 लाख 73 हजार, 3 जनवरी को 2 लाख 19 हजार, 4 जनवरी को 2 लाख 46 हजार और 5 जनवरी को 2 लाख 14 हजार से अधिक श्रद्धालुओं ने दर्शन किए |हालांकि 6-7 जनवरी से भीड़ कम होने लगी है। 8 जनवरी को सामान्य भीड़ रही। 31 दिसंबर और 1 जनवरी को दोनों दिन मिलाकर लगभग 7 .50 लाख श्रद्धालुओं ने महाकाल के दर्शन किए। नववर्ष पर उमड़ी भीड़ व इस दौरान की गई व्यवस्थाओं से अनुमान लगाकर अब प्रशासन ने महाशिवरात्रि पर्व की तैयारियां में जुट गया है। क्योंकि महाशिवरात्रि पर्व पर भी इसी तरह भारी भीड़ मंदिर में उमड़ती है।